गिरफ्तारी | 5 साल में राशि दोगुना करने का प्रलोभन देकर लाखों रुपये की ठगी

# 9 वर्षों से फरार ईनामी आरोपी गिरफ्तार

**अनूपपुर, नवभारत 1 अगस्त।** कोतवाली अनूपपुर पुलिस ने निवेश के नाम पर धोखाधड़ी के गंभीर मामले में 9 वर्षों से फरार ईनामी आरोपी रामनारायण चौधरी को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता प्राप्त की है। आरोपी के खिलाफ वर्ष 2016 से मामला दर्ज था और उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान द्वारा ईंनाम घोषित किया गया था।

पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को लम्बे समय से फरार चल रहे आरोपियों की तलाश कर उन्हें गिरफ्तार करने के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूरी एवं एसडीओपी सुमित केरकेट्टा के मार्गदर्शन में टीआई कोतवाली अरविंद जैन के नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक कमलेश तिवारी, प्रधान आरक्षक प्रदीप पांडे तथा प्रधान आरक्षक शिवशंकर प्रजापति की टीम ने कार्यवाही कर ग्राम बदरा थाना भालूमाड़ा निवासी रामनारायण चौधरी को गिरफ्तार किया गया।



### अब तक 8 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं

जानकारी के अनुसार अनूपपुर में स्थित आरबीएन इन्फ्रास्ट्रक्चर इंडिया लिमिटेड ग्वालियर की ब्रांच ने 1 जनवरी 2011 से 31 मई 2016 के बीच कथित रूप से फर्जी एफडी, आरडी, पेंशन योजनाओं के माध्यम से लोगों को 5 साल में राशि दोगुना करने का प्रलोभन देकर लाखों रुपये की ठगी की थी। कंपनी की अनूपपुर ब्रांच से संबंधित मामला कोतवाली अनूपपुर में प्रकरण दर्ज किया गया था। इस मामले में अब तक 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिनमें रामनिवास पाल, मनोज भदौरिया, शिवानंद सिंह, त्रिवेणी प्रसाद प्रजापति, रामपाल महरा, विनोद कुमार कुंवर, पंचूलाल प्रजापति और रविकांत पाल शामिल हैं।

## रेत का अवैध उत्खनन करते ट्रैक्टर जब्त

अवैध रेत उत्खनन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना जैतहरी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तिपान नदी गोबरी घाट से बिना नंबर के एक ट्रैक्टर सहित 3 घन मीटर चोरी की रेत जब्त की है। जानकारी के अनुसार 30 जुलाई को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि बिना नंबर का ट्रैक्टर, जो कि गोबरी घाट पर खड़ा है, जिसमें अवैध रूप से रेत भरकर निकलने की तैयारी की जा रही है। सूचना की तस्दीक के लिए पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर रेड कार्रवाई की। पुलिस वाहन को आता देख चालक ट्रैक्टर छोड़कर भाग निकला और पास के जंगल में अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस ने मौके से ट्रैक्टर में लोड़ अवैध रेत को जब्त करते हुए अज्ञात ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मामला पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है।





## एसडीएम प्रतिदिन करे मॉनिटरिंग : पंचोली

▸ रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति का कलेक्टर ने लिया जायजा

**अनूपपुर, नवभारत।** जिला मुख्यालय में निर्माणाधीन रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) के कार्यों की प्रगति का जायजा लेने कलेक्टर हर्षल पंचोली ने स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यह कार्य जिले के विकास एवं आमजन की सुविधा से जुड़ा है, अतः इसे शीघ्रता से पूर्ण किया जाए।

कलेक्टर ने कहा कि निर्माण कार्य में मैनपावर एवं मशीनरी की संख्या बढ़ाई जाए तथा कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। उन्होंने निर्माण सामग्री को व्यवस्थित ढंग से रखने के निर्देश देते हुए कार्यस्थल की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा, जिससे नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा या खतरा न हो। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (एसडीएम) अनूपपुर कमलेश पुरी को कार्य की प्रतिदिन मॉनिटरिंग करने तथा रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

### कार्य को शीघ्र पूरा किया जाए

कलेक्टर ने कहा कि कार्य की गति पर नियमित निगरानी रखी जाए ताकि किसी प्रकार की देरी या अव्यवस्था न हो। इस मौके पर रेलवे विभाग, सेतु निगम तथा निर्माण कार्य से जुड़े संविदाकार भी उपस्थित थे। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि समन्वय के साथ कार्य को शीघ्र पूर्ण कर आमजन को इसका लाभ प्रदान किया जाए।



## अवंतिका बनीं युवक कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव

**अमरकंटक (अनूपपुर), नवभारत।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने छत्तीसगढ़ के कोरबा दीपिका निवासी सुश्री अवंतिका तिवारी को अखिल भारतीय युवा कांग्रेस कमेटी का राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया है। यह नियुक्ति 29 जुलाई को एआईसीसी महासचिव एवं सांसद केसी वेणुगोपाल द्वारा जारी पत्र के माध्यम से की गई ।अवंतिका तिवारी वर्तमान में इंदिरा फैलोशिप की राष्ट्रीय प्रवक्ता हैं तथा महिला सशक्तिकरण, भागीदारी एवं जागरूकता के क्षेत्र में सक्रिय हैं। वे शक्ति अभियान के तहत देश के विभिन्न ग्रामीण अंचलों में जाकर महिलाओं से सीधा संवाद कर रहीं हैं और उन्हें संगठन से जोड़ने का कार्य कर रही हैं। उनकी नियुक्ति पर पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रीति सिंह, जिला कांग्रेस अध्यक्ष रमेश सिंह, संतोष पांडेय, प्रदेश कांग्रेस सेवादल के एहसान अली अंसारी, जिला सेवा दल अध्यक्ष जौहर अली, आशुतोष मार्को, राजन राठौर, संतोष यादव, राम सजीवन गौतम, दोमल सिंह, संतोष राठौर, मोहम्मद शकीर, पुरुषोत्तम कनौजिया अमरकंटक नगर परिषद अध्यक्ष पार्वती सिंह, उपाध्यक्ष रज्जू सिंह नेताम, वीरू तंबोली, मंडलम अध्यक्ष श्यामलाल सेन, महिला कांग्रेस नेत्री अंकेश्वरी सिंह आदि ने बधाई दी।

## डॉक्टरों का ड्यूटी चार्ट चस्पा करे : पंचोली



▸ जिला चिकित्सालय का कलेक्टर ने किया आकस्मिक निरीक्षण

**अनूपपुर, नवभारत 1 अगस्त।** कलेक्टर हर्षल पंचोली में जिला चिकित्सालय अनूपपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिला चिकित्सालय के विभिन्न वार्डों में पहुंचकर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। साथ ही मरीजों से चर्चा कर स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके वर्मा, जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ. एसआर परस्ते सहित स्वास्थ्य विभाग का अमला उपस्थित था। कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय के सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम, अल्ट्रासाउन्ड कक्ष, प्रसव कक्ष आदि का निरीक्षण करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं का व्यवस्थित संचालन कर बेहतर एवं सुलभ रूप से स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला चिकित्सालय की साफ-सफाई व्यवस्था को और दुरुस्त करने के लिए सफाई कर्मियों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए।

### विद्युत की आपूर्ति सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय के नवीन भवन में मरीजों की सुविधा के लिए दिशा सूचक लेबल्स लगाने, डॉक्टरों का ड्यूटी चार्ट चस्पा करने तथा डॉक्टरों के कक्ष के बाहर नेमप्लेट लगाने एवं डॉक्टरों की बैठक व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर को अवगत कराया गया कि नवीन जिला चिकित्सालय भवन में विद्युत की निर्बाध आपूर्ति नहीं होने के कारण अनेक समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। जिस पर कलेक्टर ने विद्युत की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए।

## राहवीर योजना के तहत दो लोगों का सम्मान

▸ कमला प्रसाद और महेंद्र पनिका को मिला 25-25 हजार का नकद पुरस्कार



**अनूपपुर, नवभारत 1 अगस्त।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं के समय घायलों को समय पर सहायता पहुंचाने वाले दो जागरूक नागरिकों कमला प्रसाद एवं महेंद्र पनिका को राहवीर योजना के अंतर्गत सम्मानित किया गया है। दोनों राहवीरों को 25-25 की नगद प्रोत्साहन राशि शासन द्वारा स्वीकृत कर सीधे उनके बैंक खातों में जमा की गई है। यह सम्मान पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान की पहल पर संभव हो सका, जिन्होंने राहवीर योजना के तहत सक्रिय नागरिकों की पहचान कर शासन को प्रतिवेदन भेजा था। शासन द्वारा इस प्रतिवेदन पर सहमति देते हुए अनूपपुर जिले में पहली बार यह प्रोत्साहन राशि जारी की गई है। यह जिले में राहवीर योजना के तहत प्रदान किया गया पहला पुरस्कार है, जो अन्य नागरिकों के लिए भी एक प्रेरणास्त्रोत बन रहा है।

### तीन अन्य राहवीरों की पहचान की जा चुकी है

इस योजना का उद्देश्य सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की स्वर्णिम घंटे में सहायता सुनिश्चित करना है, जिससे उनकी जान बचाई जा सके। पुलिस के अनुसार तीन अन्य राहवीरों की पहचान की जा चुकी है और उन्हें भी शीघ्र ही प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

## हितग्राही को दिए मार्केटिंग के टिप्स

▸ कलेक्टर ने उर्मिका फूड्स यूनिट का किया निरीक्षण

**अनूपपुर, नवभारत 1 अगस्त।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के अंतर्गत अनूपपुर के सूरज सिन्हा द्वारा संचालित उर्मिका फूड्स आटा निर्माण एवं पैकेजिंग यूनिट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यूनिट की कार्यप्रणाली एवं उत्पादन प्रक्रिया का अवलोकन कर संतोष व्यक्त किया।

यूनिट संचालक श्री सिन्हा द्वारा कलेक्टर को अवगत कराया गया कि इस फूड प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना हेतु उद्यानिकी विभाग द्वारा 6.50 लाख का ऋण स्वीकृत किया गया है, जिसमें से 35 प्रतिशत राशि शासन द्वारा अनुदान के रूप में प्रदान की जाएगी। यूनिट में आटे का उत्पादन कर उसे ब्रांडेड



पैकेजिंग के माध्यम से बाजार में पहुंचाया जा रहा है। कलेक्टर ने हितग्राही को उत्पाद की ब्रांडिंग, मार्केटिंग एवं बाजार में उपस्थिति मजबूत करने हेतु व्यावसायिक मार्गदर्शन दिए।

### हितग्राही को सहायता प्रदान की जाए

उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि हितग्राही को आवश्यक प्रशिक्षण, मार्केटिंग सपोर्ट एवं योजना के तहत सहायता प्रदान की जाए, ताकि उसका व्यवसाय स्थायित्व पा सके और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी विकसित हों। उन्होंने कहा कि ऐसी स्वरोजगार इकाइयां युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अहम भूमिका निभा रही हैं। यह मॉडल अन्य बेरोजगार युवाओं के लिए भी एक सशक्त प्रेरणा बन सकता है।



## विजेता पदक व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित

▸ योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का समापन, विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने लिया भाग

**राजनगर, नवभारत 1 अगस्त।** अभिनंदन भवन राजनगर में योगासना स्पोर्ट्स एसोसिएशन जिला अनूपपुर के तत्वावधान में आयोजित योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार शुक्ला, सचिव सुनीता सिंह परिहार, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हरिनारायण पांडेय, तहसील प्रभारी प्रमोद सिंह, योग साधकगण एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस चैंपियनशिप में विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल राजनगर, लिटिल एंजेल्स कॉन्वेंट स्कूल राजनगर एवं शशि शिक्षा निकेतन न्यू राजनगर के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में कक्षा छठवीं से आठवीं तक के विद्यार्थियों को योग संबंधी प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया, जिससे विद्यार्थियों में योग के प्रति जागरूकता और रूचि को बढ़ावा मिला।

### योग को खेल के रूप में प्रोत्साहित किया गया

प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्रदान कर उन्हें पदक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## केशरवानी महिला मंडल ने मनाई हरियाली तीज

▸ महिलाओं एवं बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी

**अनूपपुर, नवभारत 1 अगस्त।** केशरवानी महिला मंडल द्वारा परंपरागत उल्लास एवं श्रद्धा के साथ हरियाली तीज का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शहडोल से सत्यभामा केशरवानी एवं शांति केशरवानी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम की शुरुआत कुलगुरु महर्षि कश्यप की विधिवत पूजा-अर्चना से की गई। साथ ही अतिथियों एवं वृद्ध महिलाओं का पुष्पवर्षा एवं माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया। महिला मंडल की उपाध्यक्ष रेखा महेंद्र केशरवानी ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोजन में समाज की महिलाओं एवं बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। गीत, गजल, नृत्य, अंताक्षरी, जोक्स, कुर्सी दौड़ सहित विभिन्न मनोरंजक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए और हरियाली तीज के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला गया।



### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर महिला मंडल की अध्यक्ष हेमलता केशरवानी, उपाध्यक्ष रेखा केशरवानी, अर्चना केशरवानी, प्रिया केशरवानी, कविता केशरवानी, सह सचिव निर्मला केशरवानी, कोषाध्यक्ष जूही केशरवानी, ममता केशरवानी, मधु केशरवानी, रेखा केशरवानी, लक्ष्मी, सुजाता, रीना, संजना, श्रद्धा, दीपा, अंजना, आरती, वीणा, प्रीति, कीर्ति केशरवानी सहित समाज की अनेक महिलाएं मौजूद रहीं।



## माता-पिता व बेटी तीनों ने किया रक्तदान

▸ पुत्री के जन्मदिन पर परिवार ने दिया जीवन का उपहार

**अनूपपुर, नवभारत 1 अगस्त।** पुष्पराजगढ़ तहसील अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विश्व हिंदू परिषद द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में एक अनोखी मिसाल देखने को मिली। बसानिहा की आशा सुपरवाइजर शैल जायसवाल की पुत्री आरती जायसवाल के जन्मदिन के अवसर पर आरती, उनके पिता ज्ञानचंद जायसवाल एवं माता शैल जायसवाल तीनों ने एक साथ रक्तदान कर समाज के सामने एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया।

इस विशेष अवसर पर सीएचसी पुष्पराजगढ़ के बीएमओ डॉ. एस.के. सिंह ने भी रक्तदान कर कार्यक्रम को समर्थन दिया। उन्होंने रक्तदान की आवश्यकता और महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हर तीन माह में रक्तदान किया जाना स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होता है। यह न केवल दूसरों की जान बचा सकता है, बल्कि भविष्य में स्वयं या अपने परिवार के किसी सदस्य के लिए भी जीवन रक्षक बन सकता है।

### युवा रक्तदान कर समाज की सेवा करें : डॉ. सिंह

डॉ. सिंह ने युवाओं से अपील की कि वे अपने जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ अथवा विशेष अवसरों पर रक्तदान कर समाज की सेवा करें। उन्होंने कहा कि आज के अधिकांश युवा जन्मदिन पर पार्टी या पिकनिक मनाते हैं, परंतु यदि वे ऐसे अवसर पर रक्तदान कर किसी की जान बचाएं, तो इससे बड़ा कोई उपहार नहीं हो सकता। इस दौरान ज्ञानचंद जायसवाल, प्रकाश सोनी, प्रिंस जायसवाल, शिवम केवट, श्रेयस गुप्ता, शौरभ केशरवानी, विकास केशरवानी एवं मनीष अग्रवाल शामिल रहे।

कार्यक्रम | मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् का नवांकुर सखी हरियाली यात्रा के तहत कार्यक्रम आयोजित

## पौधों का जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है, वृक्ष हमारे प्राणदाता है : सिंह

**कोतमा, नवभारत 1 अगस्त।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला इकाई अनूपपुर के तत्वधान मे नवांकुर संस्था कोशिश फाउंडेशन द्वारा सेक्टर 1, निगवानी की ग्राम पंचायत सिलपुर में 31 जुलाई को जिला समन्वयक उमेश पाण्डेय एवं विकासखंड समन्वयक सरिमान साकेत के मार्गदर्शन में ग्राम सिलपुर के पंचायत भवन में नवांकुर संस्था द्वारा नवांकुर सखी योजना अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह विशेष अतिथि ग्राम पंचायत, सिलपुर के सरपंच वीरन सिंह एवं शा. आदिवासी बालक छात्रावास, निगवानी के अधीक्षक रविकांत तिवारी, अधिवक्ता अविनाश दीवान, नवांकुर संस्था सेक्टर क्रमांक-5 नगाराबान्ध कान्हा वेलफेयर सोसाइटी के सचिव महेन्द्र यादव अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नवांकुर संस्था कोशिश फाउंडेशन के अध्यक्ष मुरलीधर मिश्रा ने की।

### महिलाओं को पौधे लगाने के लिए किया प्रेरित

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद पंचायत, कोतमा के उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह द्वारा पौधा रोपण का महत्व बताते हुए कहा कि पौधों का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है, वृक्ष हमारे प्राणदाता है, हमारे प्राणों की रक्षा करते हैं। हम सभी को पौधे लगाकर धरती का श्रृंगार करना चाहिए। जनपद पंचायत, कोतमा के उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने नवांकुर सखी योजना के बारे में जानकारी देते हुए सभी उपस्थित महिलाओं को पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया।



### कलश यात्रा निकाली

कार्यक्रम के पश्चात नवांकुर सखियों के द्वारा कलश यात्रा का भ्रमण पूरे गांव में किया गया और लोगों को हरियाली महोत्सव का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथियों द्वारा नवांकुर सखियों को पौधे व बीज युक्त थैलियां वितरित की गई। कार्यक्रम की अंतिम कड़ी मे वंहा उपस्थित सभी लोगों को प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम को समाप्त किया गया।

### वृक्ष पर्यावरण को स्वच्छ रखते हैं : साकेत

कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक, सरिमन साकेत द्वारा बताया गया कि मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा प्रत्येक सेक्टर में नवांकुर संस्थाओं के माध्यम से यह अभियान चलाया जा रहा है। नवांकुर सखी योजना के अंतर्गत प्रत्येक महिला को पौधा लगाना है और उसकी देखभाल करना है। जिस प्रकार हम अपने बच्चों की देखभाल कर उनका पालन पोषण करते हैं, उसी प्रकार पौधों की पांच वर्ष तक हमें देखभाल करना है। इसके बाद पौधा अपने आप ही अपनी देखभाल करता हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात कि पेड़ हमें ऑक्सीजन देते हैं और पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखते हैं।